हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–135 : जौनपुर, शुक्रवार 15 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने सिविल अस्पताल में किया मुफ्त प्रिकॉशन डोज का शुभारंभ : ब्रजेश पाठक ने लगवाई डोज

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष पर प्रिकॉशन डोज का विशेष अभियान भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया है। 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र लोगों को जिन्होंने कम से कम 06 माह या 26 सप्ताह पूर्व वैक्सीन की दूसरी डोज ले ली है, उन्हें अब प्रिकॉशन डोज अमृत डोज के रूप में निःशुल्क उपलब्धा कराने का निर्णय भारत सरकार ने लिया है। 75 दिनों का यह विशेष अभियान 30 सितम्बर, 2022 तक संचालित किया जायेगा। इस दौरान प्रदेश में 12 करोड़ 08 लाख 21 हजार 597 लोग प्रिकॉशन डोज के लिए पात्र होंगे। उधर, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सिविल अस्पताल में बूस्टर डोज लगवाई और लोगों से समय आने पर बूस्टर डोज लगवाने की अपील की। लखनऊ में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय में निःशुल्क प्रिकॉशन डोज अभियान के शुभारम्भ पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के खिलाफ प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में देश जिस लड़ाई को लड़ रहा है, वह सफलता की नई ऊंचाई को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। दुनिया में भारत के कोविड प्रबन्धन को सर्वत्र सराहा गया है। सर्वाधिक कोविड वैक्सीनेशन की डोज देने वाला भारत दुनिया का एक प्रमुख देश है। भारत ने जिस प्रभावी ढंग से देश के 135 करोड़ लोगों को वैक्सीन उपलब्ध करायी है वह दुनिया के लिए बहुत कौतूहल व आश्चर्य का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्री में वैक्सीन, सबको वैक्सीन देश में मिल रही है। उत्तर प्रदेश आबादी की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। भारत सरकार ने चरणबद्ध ढंग से कोविड वैक्सीनेशन का जो कार्यक्रम घोषित किया, उसे उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। यही कारण है कि अब तक प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 104 प्रतिशत लोगों ने वैक्सीन की प्रथम डोज तथा 98.11 प्रतिशत लोगों ने द्वितीय डोज प्राप्त कर ली है। 15 से 17 आयु वर्ग के शतप्रतिशत किशोर बच्चों ने वैक्सीन की प्रथम डोज ले ली



हैं तथा 90 प्रतिशत किशोर वैक्सीन की द्वितीय डोज प्राप्त कर चुके हैं। 12 से 14 आयु वर्ग के 98.3 प्रतिशत बच्चों ने प्रथम डोज तथा 78.3 प्रतिशत बच्चों ने द्वितीय डोज प्राप्त कर ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रिकॉशन डोज का यह विशेष अभियान निःशुल्क है। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रदेशवासियों से अपील की कि आजादी के अमृत महोत्सव पर 75 दिनों के प्रिकॉशन डोज के इस कार्यक्रम में, पात्रता की श्रेणी में आने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग, कोरोना के खिलाफ देश की लड़ाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए वैक्सीनेशन जरूर करवाएं। मुख्यमंत्री जी ने कोरोना वैक्सीनेशन के प्रिकॉशन डोज अभियान की शुरूआत करते हुए सिविल अस्पताल में वैक्सीन लगवाने आये लोगों एवं वहां उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कोरोना पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, लेकिन वायरस कुछ कमजोर हुआ है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर संयुक्ता भाटिया, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार सहित शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शुरू हुआ वयस्कों को मुफ्त एहतियाती डोज लगाने का विशेष अभियान

जौनपुर सू.वि. : लीलावती महिला चिकित्सालय में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को निःशुल्क प्रीकाशनरी डोज (एहतियाती डोज) लगाये जाने के विशेष अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर रजनीश श्रीवास्तव (49) को सबसे पहले निःशुल्क प्रीकाशन डोज लगाई गई। इसके साथ ही राजेंद्र प्रसाद (52), सरिता श्रीवास्तव (52) एवं अन्य पात्र लोगों ने भी मुफ्त प्रीकशनरी डोज लगवाई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभी तक इस आयुवर्ग के लोगों को प्रीकाशन डोज सिर्फ शिवाय न्यूरो हास्पिटल में 386 रुपये फीस लेकर ही लगाई जा रही थी जबकि 60 वर्ष तथा उससे अधिक उम्र के लोगों को पहले से ही निरूशुल्क प्रीकाशन डोज लगाई जा रही थी। शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार से 18 से 59 वर्ष की उम्र के लोगों को भी प्रीकाशन डोज निरूशुल्क कर दी गई हैद्य आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अगले 75 दिन यानि 30 सितंबर तक सरकारी अस्पतालों में सभी के लिए निरूशुल्क एहतियाती डोज लगाने की व्यवस्था है। दूसरी डोज का टीकाकरण हुए जिन लोगों का छह महीने बीत चुका है उन सभी को जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में प्रीकाशनरी डोज का टीका निरूशुल्क लगेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), जिला महिला चिकित्सालय, जिला पुरुष चिकित्सालय तथा लीलावती महिला चिकित्सालय में निःशुल्क प्रीकाशनरी डोज की व्यवस्था की गई है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि कोरोना अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है, इसलिए टीकाकरण और प्रोटोकाल पालन से ही कोरोना से खुद के साथ घर–परिवार और समुदाय को सुरक्षित बनाया जा सकता है। जनपद की जनसंख्या 54 लाख से अधिक है और जनपद में कोविड टीकाकरण कार्यक्रम शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है जिसमें अभी तक 80.78 लाख डोज लगाई जा चुकी है। इसमें सभी आयुवर्ग में शत–प्रतिशत पहली डोज का टीकाकरण पूर्ण हो चुका है। 18 वर्ष से ऊपर के लोगों में दूसरी डोज शत–प्रतिशत लगाई जा चुकी है। 15 वर्ष से ऊपर के लोगों में भी प्रथम डोज शतप्रतिशत एवं 94 प्रतिशत दूसरी डोज लग चुकी है। 12 वर्ष से ऊपर के लोगों में में भी प्रथम डोज शत–प्रतिशत एवं दूसरी डोज 83 प्रतिशत लगाई जा चुकी है। इस अवसर पर डिप्टी डीआईओ डॉ डीके सिंह, एसीएमओ डॉ एससी वर्मा, संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकोष (यूनीसेफ) की जिला मोबालाइजेशन समन्वयक (डीएमसी) गुरदीप कौर और बलवंत सिंह, यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर (वीसीसीएम) शेख अबजाद सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। नाथूपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद (52) ने बताया कि एक दिन पहले हमने निरूशुल्क प्रीकाशनरी डोज की खबर अखबार में पढ़ी थी । इसके साथ ही मेरे मोबाइल पर भी इस संबंध में मैसेज आया था और आज प्रीकाशनरी डोज लगवाया। लाइन बाजार रोड पर झल्लर टेंट हाउस के पास रहने वाली सरिता श्रीवास्तव (52) ने भी लीलावती महिला चिकित्सालय में प्रीकाशनरी डोज लगवाया। उन्होंने बताया कि उनके पति सरयू श्रीवास्तव ने आज सुबह लीलावती महिला चिकित्सालय में पता किया तो पता चला कि आज से सभी को प्रीकाशनरी डोज निरूशुल्क लगेगी। इसलिए उन्होंने प्रीकाशनरी डोज लगवा लिया। उन्हें कोई दिक्कत नहीं हुई और वह व्यवस्था से बहुत खुश थीं। जनपद में टीकाकरण की स्थिति – अभी तक जनपद में 80,78,193 से ज्यादा टीके की डोज लगाई जा चुकी है, जिसमें से 40,96,500 से ज्यादा को पहली डोज, 39,17,091 से ज्यादा को दूसरी डोज तथा 64,602 से ज्यादा को प्रीकाशनरी डोज लगाई जा चुकी है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को 9,15,094 से अधिक डोज लग चुकी है जिसमें से 4,42,459 से ज्यादा को पहली डोज, 4,40,450 से ज्यादा को दूसरी डोज तथा 32,185 से ज्यादा को प्रीकाशनरी डोज लग चुकी है। 45 से 60 वर्ष की उम्र के लोगों को 14,00,581 से ज्यादा कुल डोज लगी है जिसमें से 6,92,536 से ज्यादा को पहली डोज तथा 7,08,045 से ज्यादा को दूसरी डोज लग चुकी है। 18 से 44 वर्ष की उम्र के लोगों को 47,10,893 से ज्यादा डोज लग चुकी है जिसमें से 24,21,676 से ज्यादा को पहली डोज तथा 22,89,217 से ज्यादा को दूसरी डोज लग चुकी है। 15 से 18 वर्ष की उम्र के लोगों को 6,10,308 से ज्यादा कुल डोज लगी है जिसमें से 3,16,989 से ज्यादा को पहली डोज तथा 2,93,319 से ज्यादा को दूसरी डोज लग चुकी है। 12 से 15 वर्ष की उम्र के लोगों को 3,51,309 से ज्यादा कुल डोज लगी है जिसमें से 1,94,464 से ज्यादा को पहली डोज तथा 1,56,845 से ज्यादा को दूसरी डोज लग चुकी है।

## थाना सरपतहां शाहगंज व खुटहन की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में सामुहिक दुष्कर्म का एक वांछित व दो अन्य अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अंकित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सरपतहां पर पंजीकृत मु0अ0सं0–162/2022 धारा–376डी/377/395/504/506 भादवि व 3(2)5 एससीध्एसटी एक्ट से सम्बन्धित मुख्य अभियुक्त ऋषभ उपाध्याय पुत्र राकेश उपाध्याय निवासी सारीजहाँगीरपट्टी थाना सरपतहां जनपद जौनपुर को दिनांक 14/15.07.2022 की रात्रि को थाना सरपतहां, थाना शाहगंज व थाना खुटहन पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ में अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। साथ ही मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अन्य दो वांछित अभियुक्त 1.अर्पित तिवारी पुत्र अरविन्द तिवारी, 2. राजा बिन्द पुत्र बदलू बिन्द निवासीगण रामनगर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर को उ0नि0 रामदवर यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अरसिया मोड़ पर दिनांक 14.07.2022 समय 08.20 बजे रात्रि गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्त राजा बिन्द के कब्जे से घटना में पीडिता से छिनी गयी एक जोड़ी पीली धातु की बाली तथा अभियुक्त अर्पित तिवारी उपरोक्त के कब्जे से घटना में वीडियो बनाने में प्रयुक्त एक मोबाइल व एक पीली धातु नथुनी बरामद हुई। घटना का संक्षिप्त विवरणः– दिनांक 13.07.2022 को थाना क्षेत्र कादीपुर जनपद सुल्तानपुर निवासिनी महिला के तहरीर के आधार पर थाना सरपतहां पर मु0अ0सं0–162/2022 धारा–376डी/504/506 भादवि व 3(2)5 एससीध्एसटी एक्ट बनाम 03 ज्ञात व 03 अज्ञात नफर अभियुक्त पंजीकृत कराया गया दौरान विवेचना घटना उक्त में शामिल अभियुक्तो की पहचान 1. ऋषभ उपाध्याय पुत्र राकेश उपाध्याय निवासी सारीजहाँगीरपट्टी थाना सरपतहां जनपद जौनपुर 2.अर्पित तिवारी पुत्र अरविन्द तिवारी, 3. राजा विन्द पुत्र बदलू बिन्द, 4. भोला हरिजन पुत्र राम कुमार, 5. सौरभ सिंह पुत्र वीरेन्द्र बहादुर सिंह निवासीगण रामनगर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर, 6.शनि मिश्रा पुत्र राजेश मिश्र निवासी सुलेमापुर थाना पवई जनपद आजमगढ़ हालपता श्री विजय तिवारी (मामा का घर) ग्राम रामनगर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर के रूप में हुई, साथ ही साक्ष्य संकलन व बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 377/395/412 भादवि व 67 आईटी एक्ट की वृद्धि की गयी है। कई टीमें गठित कर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था



जिसके क्रम में कल दिनांक 14.07.2022 को दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई तथा एक अन्य अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान आज गिरफ्तार किया गया। उक्त पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–164/2022 धारा–307 भादवि व–3/25 आर्म्स एक्ट नियमानुसार पंजीकृत किया गया है। मुठभेड़ में थाना स्थानीय पर नियुक्त हे0का0 चन्दन कुमार सिंह वांछित अभियुक्त ऋषभ उपरोक्त द्वारा किये गये फायर से घायल हुए। बाद मुठभेड़ घायल पुलिसकर्मी व अभियुक्त को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी सुइथाकला ले जाया गया जहां से बाद प्राथमिक उपचार जिला चिकित्सालय जौनपुर के लिए रेफर कर दिया गया। उक्त अभियुक्त वर्तमान में जिला चिकित्सालय से रेफर होकर बीएचयू ट्रामा सेन्टर में उपचाराधीन है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में लेने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. ऋषभ उपाध्याय पुत्र राकेश उपाध्याय निवासी सारीजहाँगीपपट्टी थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 2.राजा बिन्द पुत्र बदलू निवासी ग्राम रामनगर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 3.अर्पित तिवारी पुत्र अरविन्द तिवारी निवासी ग्राम रामनगर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. एक सुपर स्पेलेण्डर मोटर साइकिल (घटना में प्रयुक्त) 2.एक जोड़ा पीली धातु की बाली, एक पीली धातु नथुनी फूल, एक वीवो मोबाइल, एक तमंचा 315 बोर मय एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक मिस कारतूस 315 बोर। पंजीकृत अभियोग का विवरण– 1.मु0अ0सं0 162/2022 धारा 376डी/377/395/504/506/412 भादवि व 3(2)5 एसएसी/एसटी एक्ट व 67 आईटी एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर 2.मु0अ0सं0 164/2022 धारा 307 भादवि थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 165/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम का विवरण– 1.उ0नि0 संजय कुमार सिंह थानाध्यक्ष सरपतहां मय हमराह। 2.श्री सुधीर कुमार आर्या, प्रभारी निरीक्षक शाहगंज मय हमराह। 3.उ0नि0 राणा प्रताप यादव, थानाध्यक्ष खुटहन मय हमराह। 4.उ0नि0 रामदवर यादव प्रभारी चौकी सरायमोहीउद्दीनपुर थाना सरपतहां,जौनपुर मय हमराह।

## अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय द्वारा नगर पंचायत कचगांव का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय द्वारा 15 जुलाई 2022 को नगर पंचायत कचगांव का निरीक्षण किया गया। नगर पंचायत में निर्माण कार्य आदि की पत्रावलियां तथा कैशबुक मांगा गया, लेकिन समस्त अभिलेख उपलब्ध नही कराया गया। शाम 5.00 बजे तक समय दिया गया है कि उक्त सभी अभिलेख प्रस्तुत करें। नगर पंचायत क्षेत्र की सड़कों व गलियों की हालत अत्यन्त ही खराब पायी गयी। साफ–सफाई की व्यवस्था निम्न कोटि की थी जिसके लिए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कचगावं को सचेत किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र में कायाकल्प के अन्तर्गत प्रा०वि० का कार्य हो रहा है जिसकी बाउण्ड्री को लेकर स्थानीय निवासियों से बिवाद था, उनसे वार्ता कर बिवाद सुलझाकर तत्काल बाउण्ड्रीवाल बनवाने का निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिया गया। नगर पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब पायी गयी और वहाँ पड़ी हुई सरिया खराब हो गयी थी, उसे उपयोग में न लाने तथा गुणवत्ता सुधारने का निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिया गया। नगर पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण सी०एण्ड डी०एस० द्वारा कराया जा रहा है लेकिन इनके द्वारा कोई पर्यवेक्षण नहीं किया जा रहा है। सी०एण्ड डी०एस० के प्रोजेक्ट मैनेजर को सख्त चेतावनी निर्गत करने हेतु प्रकरण शासन को संदर्भित किया जायेगा। अधिशासी अधिकारी द्वारा पूर्व में अनावश्यक मदों पर नगर पंचायत के पैसे को खर्च किये गये है। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आज ही सर्वप्रथम नगर क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने हेतु जो बजट प्राप्त है उससे गलियोंध्नालियों का कार्य पूर्ण कराया जाय। निरीक्षण के समय नगर पंचायत के प्रशासक नगर मजिस्ट्रेट, जौनपुर व अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कचगांव व स्टाफ मौजूद रहे।

## औचक निरीक्षण में ट्रामा सेंटर पर मौजूद मिले अधिकारी – कर्मचारी

जौनपुर सू.वि. : सिरकोनी के हौज खास स्थित ट्रामा सेंटर का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। मौके पर सारे अधिकारी और कर्मचारी मौजूद मिले।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को समय ड्यूटी पर मौजूद रहने का निर्देश दिया साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवा की उपलब्धता बनाए रखने को कहा। वह सिटी स्कैन कक्ष में भी पहुंचीं और व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। व्यवस्था से वह संतुष्ट दिखीं। उन्होंने सीटी स्कैन कराने आए मरीजों के परिजनों से भी बात की और आवश्यकता पड़ने पर ही सिटी स्कैन कराने की सलाह दी। साफ–सफाई को लेकर स्वीपर पर नाराजगी जताई।

निरीक्षण के समय एसीएमओ डॉ नरेन्द्र सिंह, डॉ प्रभात कुमार, ट्रामा सेंटर अधीक्षक डॉ डीके सिंह मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## युवक ने घर में लगाई फाँसी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थानान्तर्गत पुराहेमु गांव निवासी युवक ने कमरें में फाँसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुँची पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है। उक्त गांव निवासी आशुतोष मिश्र अपने पिता चिंतामणि मिश्र के साथ मुम्बई रहते थे। आशुतोष करीब दो तीन माह से अपनी मां के साथ घर पर ही था। बीती रात्रि गुरुवार को मां बेटे खाना खाकर सो गए। सुबह कमरें से देर तक बाहर निकलने पर मां कमरें में गई तो आशुतोष गमझा के सहारे फाँसी लगा लिया था। शोर सुनकर पहुँचे पड़ोसियों ने शव को नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी। घटना से मां व परिवार बेसुध हो चुके है।

## माँ की डाट से क्षुब्ध युवक घर से भागा : स्वजन परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महमदपुर गुलरा गाँव निवासी 19 वर्षीय युवक गुरूवार की सुबह माँ की डाट से क्षुब्ध होकर घर से कहीं लापता हो गया। स्वजन सभी संभावित ठिकानो पर तलाश के बाद थक हारकर थाने में गुमशूदगी की तहरीर दिए है। गाँव निवासी सुभाष रजक का पुत्र अंकित कुमार जो स्नातक का छात्र है। उसे किसी बात को लेकर उसकी माता रंजना देवी ने डाट फटकार दिया था। वह घर से कहीं दूर भाग गया। स्वजन किसी अनहोनी आशंका को लेकर परेशान है।

## लावारिस बाइक देख ग्रामीणों में हलचल : पुलिस ने लिया कब्जे में

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के जंघई जौनपुर रेलमार्ग पर स्थित अलापुर गांव के समीप रेलवे लाइन के बगल लावारिस बाइक मिलने से आस पास के लोगों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची मीरगंज पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई हैं। क्षेत्र के अलापुर के समीप एक हीरो होंडा स्पेलेंडर प्लस लावारिस हाल मे देख लोगों में चर्चा शुरू हो गई। दो घंटे बाद भी लावारिस बाइक देख ग्रामीणो ने बदमाशो की बाइक मानकर पुलिस को सूचना दे दिया । मौके पर पहुची डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल कर बाइक थाने लेकर चली गयी । ग्रामीणों के अनुसार के सुबह रेल लाइन के बगल सुनसान स्थान पर गड्ढे में खडी बाइक देख लोग पहले ध्यान नही दिए। जब दस बजे तक बाइक लेने कोई नही पहुचा तो ग्रामीणो को शक होने लगा। इसकी जानकारी पुलिस को दे दी गई। सूचना पाकर डायल पुलिस मौके पर पहुच कर बाइक को कब्जे मे ले लिया। पुलिस का कहना है की बाइक लावारिस खडी करके कौन गया इसकी जानकारी ली जा रही है। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता का कहना है की बाईक चोरो के खिलाफ पुलिस ने अभियान चला रक्खा है उसी से घबराकर चोर बाइक लावारिस छोड कर जा रहे है फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## राज्य कर्मचारियों का खेलों के लिए चयन परीक्षण

जौनपुर सू.वि. : खेल निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के सौजन्य से जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में राज्य कर्मचारियों के कल्याणार्थ खेल के विकास तथा शारीरिक संवर्धन हेतु सरकारी कर्मचारियों की खेल की सुविधा के लिए राज्य कर्मचारी कल्याण निधि से जिला/मंडल/राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल का आयोजन 06 अगस्त, 2022 को इंदिरा गांधी स्टेडियम, सिद्धीकपुर में किया जाएगा। जनपदीय चयन/ट्रायल में चयनित खिलाड़ी ही मंडलीय चयन/ट्रायल जो 10–11 अगस्त 2022 को डॉ० संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा, वाराणसी में होगा, में प्रतिभाग करेंगे। उक्त चयन/ट्रायल में वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे जो अपने कार्यालय अध्यक्ष अथवा विभागाध्यक्ष से चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति पत्र का प्रारूप भरकर साथ लाएंगे। राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल उपरांत राज्य स्तरीय टीम का गठन किया जाएगा। चयनित टीम अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। जिला/मंडल/राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल में भाग लेने हेतु सरकारी कर्मचारी को ड्यूटी पर माना जाएगा। इस हेतु यात्रा भत्ता आदि जैसी स्थिति हो, का भुगतान उनके विभाग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी डॉ० अतुल सिन्हा, क्रीड़ा अधिकारी जौनपुर द्वारा दी गई है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

तन का रोग भले ही डॉक्टर जांच ले पर मन का रोग तो तुम्हें स्वयं जांचना पड़ेगा।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# मेहनत से जो अपना मुकाम बनाते हैं : वही दुनिया में अलग पहचान बनाते हैं —विधायक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मेधावी छात्र/छात्रा लक्ष्य बनाकर पठन पाठन का कार्य करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें तथा माता–पिता के सपनों को साकार करें। छात्र–छात्राओं की सफलता में शिक्षक व अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम सभी विद्यालयों में होना चाहिए जिससे कि अन्य छात्रों को कुछ बेहतर करने की सीख मिलती है। उक्त बातें गुरुवार को क्षेत्र के जंगी पीजी कॉलेज असबरनपुर में आयोजित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्रासम्मान समारोह मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक व केराकत विधायक तूफानी सरोज ने कही कार्यक्रम के दौरान सभी मेधावीओं को विशिष्ट अतिथि दीपशिखा सिंह शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया त्रिलोचन महादेव विद्यालय के प्रबंधक ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मीताराम पाल संचालन धर्मशेन सरोज एवं श्वदेश कुमार यादव ने किया। इस दौरान प्रेम प्रकाश यादव सूबेदार वर्मा, सुरेंद्र यादव, धर्मेंद्र मौर्य , रविकेश मौर्य ,मौजूद रहे।

# रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम कावेरी ग्रुप द्वितीय सद्भावना ग्रुप अवम तृतीय पुरस्कार नर्मदा माही ग्रुप को मिले

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शुक्रवार को डॉ राम मनोहरलोहिया राजकीय महाविद्यालय मुफ्तीगंज जौनपुर हाल में मिशन शक्ति फेज 4के तहत रंगोली प्रतियोगिता तथा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमे अत्यधिक प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया । निर्णायक मंडल में श्री मतीकुसुम कुमारी,डॉ अजीत कुमार मिश्र ,मनोज कुमार दुबे ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया । विजेताओं के नामों की घोषणा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जय प्रकाश पाठक ने किया ।जिसमें प्रथम पुरष्कार कावेरी ग्रुप ,द्वितीय पुरष्कार सद्भावना ग्रुप एवम तृतीय पुरष्कार नर्मदा माही ग्रुप को देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्रवक्ता डॉ सुरजोदय भट्टा चार्य मंगला प्रसाद ,अजय सिंह ,मनोज कुमार यादव आदि लोग उपस्थित रहे

# वितरण की तिथि 20 जुलाई 2022 तक विस्तारित किये जाने का लिया गया निर्णय : जिला पूर्ति अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी सन्तोष विक्रम शाही ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि माह–जुलाई 2022 के प्रथम चक्र में होने वाले माह–जून 2022 हेतु आवंटित नियमित खाद्यान्न वितरण के अन्तर्गत 03 जुलाई 2022 से 15 जुलाई 2022 तक निर्धारित की गयी थी, किन्तु जनपद के कुछ ब्लाकों में उचित दर विक्रेताओं को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत विपणन गोदामों से खाद्यान्न तथा साबुत चना, आयोडाइज्ड नमक एवं रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल का निर्गमन न होने के कारण जनपद के समस्त लाभार्थियों को उपरोक्त वस्तुओं का वितरण 15 जुलाई 2022 तक कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में शासन के पत्र द्वारा उठान/वितरण की तिथि 20 जुलाई 2022 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा० खाद्यान्न प्रति यूनिट (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। अन्त्योदय परिवारों को माह अप्रैल 2022 से माह जून 2022 तक कुल तीन माह की निःशुल्क चीनी का एक मुश्त 03 किग्रा0 प्रति कार्ड के आधार पर निःशुल्क वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत 20 जुलाई 2022 तक खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उचित दर विक्रेता अपने स्टॉक में अवशेष खाद्यान्न की उपलब्धता की सीमा तक पोर्टबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न वितरित कर सकेंगे। उक्त योजना के वितरण की अन्तिम तिथि 20 जुलाई 2022 होगी। उक्त अवधि में ई–पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा। मोबाइल ओ0टी0पी0 के माध्यम से वितरण की तिथि पूर्व निर्धारित 15 जूलाई 2022 के साथ–साथ 20 जुलाई 2022 को भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार खाद्यान्न, चीनी एवं आवश्यक वस्तुओं का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में निःशुल्क खाद्यान्न, चीनी एवं आवश्यक वस्तुओं के वितरण की सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

# सड़क हादसे में तीन युवक घायल : इलाज के दौरान दो की मौत

बस्ती ब्यूरो : बस्ती जिले के राम जानकी मार्ग पर दुबौलिया थाने के खुशहालगंज रामलीला मैदान के पास गुरुवार देर रात अनियंत्रित डीसीएम ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया था। जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि एक युवक का इलाज लखनऊ मेडिकल कॉलेज में चल रहा है ।गुरुवार देर रात थाना क्षेत्र के जीवपुर गांव निवासी हर्षित सिंह (22), दुबौलिया कस्बा निवासी अजीत सोनी (20) अयोध्या से घर आ रहे थे। छावनी तिराहे पर पहले से ही वाहन के इंतजार में खड़े भिउरा गांव निवासी रोहित (25) को भी अपनी बाइक पर बैठा लिया। तीनों युवक राम जानकी मार्ग से होते हुए खुशहालगंज राम लीला मैदान के पास सड़क के किनारे बाइक खड़ी करके आपस में बात करने लगे। तभी दुबौलिया से छावनी की तरफ जा रही डीसीएम ने तीनों को चपेट में ले लिया। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।मौके पर पहुंची दुबौलिया पुलिस एवं परिवार के लोग घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी कप्तानगंज ले गए। जहां पर हालत गंभीर देख चिकित्सक ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर भिउरा गांव निवासी रोहित की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि हर्षित सिंह एवं अजीत सोनी को मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया।




शुक्रवार को भोर में दुबौलिया कस्बा निवासी अजीत सोनी की भी मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि हर्षित सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। दो युवकों की मौत से मचा कोहराम मार्ग दुर्घटना में दो युवकों की मौत से परिवार वालों का रो–रोकर बुरा हाल है। पड़ोस व गांव के लोग भी आहत हैं। भिउरा गांव निवासी रोहित तीन भाइयों एवं तीन बहनों में तीसरे नंबर का था। रोहित घर से बाहर रहकर कहीं पर नौकरी करता था। पिता वेद प्रकाश पशुपालन विभाग में अंबेडकर नगर जनपद में नौकरी करते हैं। जबकि दुबौलिया कस्बा निवासी अजीत सोनी तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। जो बीफार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र था। अजीत की मौत से पिता गोरखनाथ एवं मां सहित परिवार के लोग सदमे में हैं।

## स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित हुआ उच्च प्राथमिक विद्यालय शुदनीपुर

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : राज्य परियोजना कार्यालय जौनपुर की ओर से जारी स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार सत्र 2022–23 के लिए शिवकुमार सरोज प्रधानाध्यापक का नाम सम्मिलित हुआ जिन्हें कलेक्ट्रेट में एक कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया ।पुरस्कार पाकर विद्यालय परिवार विद्यालय के बच्चे एवं ग्राम पंचायत शुदनीपुर में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन कर समस्त अध्यापकों को सम्मानित किया तथा विद्यालय में साफ सफाई के लिए विशेष व्यवस्था बनाये रखने की शपथ ली ।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं सम्मानित ग्राम पंचायत के सदस्य विद्यालय




प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

## स्कूल के कमरे में फाँसी से लटकता मिला युवक का शव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा क्षेत्र के ताहिरपुर गाँव स्थित एक स्कूल के क्लास रूम में शुक्रवार को सबेरे पड़ोस के गाँव के एक युवक का शव फाँसी के फंदे से लटकता मिलने से वहाँ हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ताहिरपुर गाँव स्थित सर्वोदय इंटर कालेज महुअरिया में सबेरे स्कूल पहुँचे बच्चो ने एक क्लास रुम की छत से नायलन की रस्सी के सहारे लटकती एक युवक की लाश देखी तो शोर मचाते हुए भागने लगे ।आस पास के लोगों ने मौके पर पहुँच कर युवक की शिनाख्त बगल के गाँव राम सहाय पट्टी निवासी होम गार्ड कल्पनात गौतम के बेटे शुभम उर्फ बल्ला(25) के रूप में की। बेंच पर चढ़कर वह झूला था उसके बगल ही जमीन पर एक जोड़ी लेडीज चप्पल पड़ा था ।सूचना पर परिजन भी रोते कल्पते मौके पर पहुंच गए। चौकीदार ने थाने पर सूचना दी तो कोबरा टीम व दरोगा विजय शंकर यादव मय फोर्स मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गए। शुभम अपने पिता के तीन पुत्रो में मझला था। वह अभी तक अविवाहित था। वह पेशे से ड्राइवर। था ।लोगों के बुलावे पर वह चार पहिया वाहन चलाता था। एक दिन पहले वह घर से निकला तो परिजनों को लगा कि वह किसी की गाड़ी चलाने जा रहा है। शुक्रवार को सबेरे उसकी लाश मिलने की सूचना पर सभी स्तब्ध रह गए। उसके पिता यातायात पुलिस में ड्यूटी करने शहर जाने की तैयारी में थे कि यह दिल दहला देने वाली खबर मिली ।वे गिर कर बेहोश हो गए ।लोगों ने किसी तरह उन्हें सम्हाला ।युवक की माता प्रेमा देवी व दोनो बहनों सुष्मिता व संजना शव से लिपट कर करुण क्रंदन करने लगीं। उनका रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। उक्त सन्दर्भ में थानाध्यक्ष विवेक तिवारी ने बताया कि यह आत्म हत्या का मामला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जलजमाव व कचरे का अंबार देख जिम्मेदारों पर बिफरे प्रमुख

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चौराहे के बगल पिलकिछा मार्ग पर स्थित सामुदायिक शौचालय महीनो से बंद रहने की शिकायत का शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण को पहुँचें ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव दीवार के आस पास जमा कचरे का अंबार व जलजमाव से उठ रही दुर्गंध को देख जिम्मेदारों पर बिफर पड़े। जब उन्हें पता चला कि विद्युत मोटर जल जाने के चलते दो माह से शौचालय बंद पड़ा है तो वे और ज्यादा नाराज हो गये। उन्होंने डीपीआरो को फोन कर जिम्मेदारों पर त्वरित कार्यवाही की मांग किया। ब्लाक प्रमुख के द्वारा नियमित रूप से नित्य सुबह एक गांव के विकास कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर उनके द्वारा पिलकिछा गाँव के उक्त सामुदायिक शौचालय को देखा गया। यहां दो माह पूर्व से मोटर जल जाने के कारण पानी नहीं आ रहा है। जिससे शौचालय बंद पड़ा है। इसके अगल बगल पूरे बाजार का कचरा लाकर फेंक दिया जाता है। जिससे हमेशा बदबू उठती रहती है। इसके ठीक सामने एक गड्ढा है। जिसमें हमेशा कीचड़युक्त पानी जमा रहता है। यहां कचरा और जमा पानी से उठ रही सड़ान्ध जैसी दुर्गंध उठती रहती है। जिसके चलते लोग नाक दबाकर आने जाने को विवश है। ऐसी हालत देख प्रमुख आपे से बाहर हो गये। हलाकि डीपीआरो ने उन्हें आश्वस्त किया कि लापरवाहो के खिलाफ कार्रवाई और वहां की त्वरित सफाई करायी जा रही है।

## राज्यसभा सांसद के ससुर के अंतिम दर्शन को उमड़े लोग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के अचकारी गांव में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी के ससुर जगदीश द्विवेदी का निधन गुरुवार की शाम वाराणसी में हो गया था। उन्हें हृदय संबंधित बीमारी थी। गुरुवार को रात में शव अचकारी गांव लाया गया। शुक्रवार सुबह अंतिम दर्शन करने को लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। अंतिम दर्शन करने वाले में सांसद मछलीशहर बी पी सरोज, विधायक राकेश धार त्रिपाठी, विधायक मुंगरा बादशाहपुर पंकज पटेल, ब्लाक प्रमुख मुंगरा बादशाहपुर सत्येंद्र सिंह, प्रमुख पति महराजगंज विनय सिंह समेत अन्य नेताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। अचकारी गांव से शव लाने के बाद सखवट गांव में स्थित गया प्रसाद महाविद्यालय में अंतिम दर्शन को रखा गया। जगदीश द्विवेदी पत्रकारिता जगत में अपना एक अलग पहचान रखते थे। अमृत प्रभात के संपादक पद पर कार्यरत रहे। उससे पहले नव भारत टाइम्स में भी काम कर चुके थे। अपनी व्यंग्य भरी वाणी के लिए लोग कभी उनको भूल नही पायेंगे। लोगों के बीच हंसी और व्यंग करके लोगों को हंसाते रहते थे। उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र डा अरुण द्विवेदी ने उनको मुखाग्नि दी।

## अग्रहरी समाज के लोगों द्वारा किया गया वृक्षारोपण

जौनपुर पत्रकार मनीष श्रीवास्तव : अग्रहरी समाज के अध्यक्ष के नेतृत्व समस्त अग्रहरी समाज के लोगों द्वारा आज 15 जुलाई को नगर स्थित रुहट्टा के गोपाल जी अग्रहरी व रविन्द्र अग्रहरी जी के यहां वृक्षारोपण किया गया। जिसमें अग्रहरी समाज के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में दूषित वातावरण को शुद्ध बनाने के दृष्टिगत पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए वृक्षारोपण किया



गया। कार्यक्रम के अंत में जिला महामंत्री ने सभी स्वजातीय बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम संयोजक विनोद अग्रहरी जी रहें। वृक्षारोपण के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रहरी समाज के जिला अध्यक्ष मनोज अग्रहरी जी, जिला महामंत्री रविन्द्र अग्रहरी जी, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रहरी जी, विनोद अग्रहरी जी, विधान चन्द्र अग्रहरी जी, संजय अग्रहरी जी, विक्रम अग्रहरी, विनोद अग्रहरी (गुड्डू) राजवर्धन अग्रहरी (बच्चा) गोपाल अग्रहरी जी, प्रमोद अग्रहरी सोनू) राजा अग्रहरी, अनिल अग्रहरी, राकेश अग्रहरी (पप्पू) सुभाष चन्द्र अग्रहरी जी, विरेन्दर अग्रहरी जी, सर्वेश अग्रहरी (शुभम) सहित तमाम अग्रहरी समाज के लोग वृक्षारोपण में उपस्थित रहें।

# दिव्यांग की डीएम ने सुनी फरियाद : मदद के लिए दिए 13 हजार

अलीगढ़ ब्यूरो : पैरों में गहरे जख्म होने से चलने–फिरने में लाचार एक दिव्यांग बृहस्पतिवार को फरियाद लेकर कलेक्ट्रेट में डीएम इंद्र विक्रम सिंह के पास पहुंचा और बताया कि लंबी बीमारी के चलते पैर में सेप्टिक बन गया है। डॉक्टरों ने ऑपरेशन बताया है, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते अपना इलाज नहीं करा पा रहा है। नाते–रिश्तेदारों से लेकर ग्रामीणों तक से कोई मदद न मिली तो बड़ी उम्मीद लेकर यहां आया है। डीएम ने दिव्यांग की हालत देखते हुए उसे रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से 13 हजार रुपये की मदद का चेक भेंट किया। इतना ही नहीं, उसे भरोसा दिलाया कि वे उसकी हरसंभव मदद कराएंगे। थाना गांधीपार्क क्षेत्र के सिंधौली निवासी दिव्यांग ओमेंद्रपाल सिंह लड़खड़ाते कदमों से डीएम से मिलने पहुंचे थे। जन सुनवाई के दौरान डीएम इंद्र विक्रम सिंह लोगों की फरियाद सुन रहे थे। जैसे ही उन्होंने ओमेंद्र को देखा तो उन्होंने उसका हाल–चाल पूछा। ओमेंद्र ने रोते हुए बताया कि करीब 10 साल से उसके पैर में जख्म था। काफी इलाज भी कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। चिकित्सकों ने बताया कि सैप्टिक बन गई है और ऑपरेशन कराना जरूरी है। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वह ऑपरेशन कराने में असमर्थ है। परिवार और गांव वालों से भी कोई मदद नहीं मिली है। ओमेंद्र की बात सुनकर डीएम ने तत्काल रेडक्रास सोसायटी फंड से 13 हजार रुपये का चेक तैयार कराकर उसे सौंपा तो खुशी से उसकी आंख भर आयीं। उसने कहा कि वह अब अपने पैर का अच्छे से इलाज करा सकेगा। डीएम ने कहा कि इलाज में कोई परेशानी आए तो बताएं, हर संभव मदद करायी जाएगी।

# हिंदू पक्ष ने कोर्ट में कहा– देवता की संपत्ति नष्ट नहीं होती : मंदिर टूट जाने से अस्तित्व समाप्त नहीं होगा : आज भी होगी सुनवाई

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन के मुकदमे में जिला जज की अदालत में गुरुवार को हिंदू पक्ष ने तीसरे दिन भी दलीलें जारी रखीं। इसमें उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की नजीरों का हवाला देते हुए अदालत में कहा कि देवता की संपत्ति एक बार उनके पक्ष में निहित हो गई, उसके बाद कभी समाप्त नहीं होगी। कयामत आने तक वह संपत्ति देवता के नाम पर ही चलती रहेगी ।अदालत ने बहस जारी रखते हुए सुनवाई की तारीख 15 जुलाई नियत की है। जिला जज की अदालत में हिंदू पक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने श्री राम जन्मभूमि के केस में सुप्रीम कोर्ट की नजीर का हवाला दिया और कहा कि देवता की संपत्ति नष्ट नहीं होती, मंदिर टूट जाने से उसका अस्तित्व समाप्त नहीं होगा, उसका आध्यात्मिक स्वरूप बरकरार रहेगा ।उन्होंने 1937 में बीएचयू के प्रोफेसर ए एस एलटेकर की पुस्तक का जिक्र करते हुए कहा कि पुस्तक में मंदिर टूट जाने के बाद इस बात का जिक्र है कि वहां क्या–क्या बचा है और कहां पूजा हो रही है। अदालत में बहस के दौरान हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने दीन मोहम्मद के केस को अदालत के समक्ष रखा और कहा कि 15 गवाहों ने बताया था कि ज्ञानवापी परिसर में पूजा होती रही और 1993 तक व्यास जी पूजा करते थे, जिसे बैरिकेडिंग कर सील किया गया था। वक्फ बोर्ड की संपत्ति का कोई सवाल ही नहीं यह भी कहा कि अप्रत्यक्ष देवता भी हिंदू लॉ में मान्य है, जो देवता हटा दिए गए, उनके हट जाने से भी देवता का स्थान वही रहता है। वक्फ प्रॉपर्टी के संबंध में उन्होंने दलील दी कि मुस्लिम लॉ में स्पष्ट है कि जो प्रॉपर्टी वक्फ को दी जाती है, वह मालिक द्वारा ही दी जा सकती है। इसमें कोई भी वक्फ डीड नहीं है



और न ही वक्फ संपत्ति से जुड़ा कोई सबूत न्यायालय में पेश किया गया। अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने बताया कि 1937 में जो दीन मोहम्मद का फैसला हुआ, वह सभी पर बाध्यकारी नहीं है, क्योंकि उसमें हिंदू पक्षकार ही कोई नहीं था। अदालत ने नियमित बहस जारी रखते हुए सुनवाई की तारीख 15 जुलाई नियत कर दी। वादी का संशोधन आवेदन स्वीकार, विपक्ष की आपत्ति खारिज ज्ञानवापी में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक लगाने और परिसर हिंदुओं को सौंपने के मामले में बृहस्पतिवार को वादी किरण सिंह के संशोधन आवेदन को सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत ने स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही विपक्ष की आपत्ति को अनौपचारिक मानते हुए खारिज भी किया है। इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 21 जुलाई नियत की गई है। विश्व वैदिक सनातन संस्था के जितेंद्र सिंह बिसेन की पत्नी किरण सिंह की ओर से अदालत में वाद दाखिल कर मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक, ज्ञानवापी हिंदुओं को सौंपने और परिसर में मिले शिवलिंग के दर्शन पूजन राग भोग की अनुमति मांगी गई है। इस वाद में कुछ शब्दों के संशोधन की अनुमति अदालत से मांगी गई थी, जिसे अदालत ने तीन दिन में संशोधित करने का आदेश दिया है। इस मामले में हिंदू पक्ष की तरफ से पैरवी में मान बहादुर सिंह, शिवम गौड़, अनुपम द्विवेदी, अनुष्का तिवारी और अंजुमन इंतजामिया की तरफ से अभय नाथ यादव, रईस अहमद, मुमताज अहमद, मिराजुद्दीन सिद्दीकी व एखलाक अहमद और शासन की तरफ से डीजीसी सिविल महेंद्र प्रसाद पांडेय मौजूद रहे।

# गर्मी की मार : डायरिया और बुखार से लोग हो रहे बीमार

अलीगढ़ ब्यूरो : तापमान 34 डिग्री और आर्द्रता 61। तपती जुलाई की इस उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। आलम ये है कि लोग डायरिया, बुखार, सांस लेने में दिक्कत और शरीर में एलर्जी के शिकार हो रहे हैं। बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल के जनरल फिजीशियन ने इन बीमारियों से ग्रसित 250 मरीजों और दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय के जनरल फिजीशियन ने 400 मरीजों को उपचार दिया है। ये संकेत हैं कि अगर जल्द बारिश नहीं हुई तो गर्मी जनित बीमारियां अपने पैर पसार लेंगी ।जिला अस्पताल में बृहस्पतिवार को 16 और दीनदयाल चिकित्सालय में आठ डॉक्टर ओपीडी में मौजूद रहे। जिला अस्पताल में 1600 और दीनदयाल चिकित्सालय में 1400 मरीज ओपीडी में पहुंचे। 50 फीसदी से अधिक मरीज गर्मी जनित बीमारियों से ग्रसित थे। ज्यादातर जनरल फिजीशियन को दिखाने की कतार में थे। दोनों जगहों पर भीड़ अधिक होने के कारण मरीजों को दूसरे डॉक्टरों के पास भेजा गया। तब जाकर दो बजे तक की ओपीडी में इन मरीजों को उपचार दिया जा सका। जिला अस्पताल के डॉक्टर एसके वर्मा बताते हैं कि ऐसे मौसम में डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी का खतरा रहता है। 50 प्रतिशत से ज्यादा मरीज उल्टी दस्त, बुखार, एनीमिया, शरीर में एलर्जी व सांस फूलने के आ रहे हैं। वे बताते हैं कि पहले से खून की कमी से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को इस मौसम में परेशानी हो रही है। उमस में सांस फूलने की दिक्कत हो रही है। वे स्वीकारते हैं कि बृहस्पतिवार को मरीज कम आते हैं। अन्य दिनों में ये संख्या 400 तक रहती है। इसी तरह दीनदयाल चिकित्सालय में दो डॉक्टर नहीं थे। इसलिए मरीजों के बीच इलाज के लिए मारामारी रही। डॉक्टर अनिरुद्ध बताते हैं कि डायरिया, बुखार, एलर्जी व सांस फूलने के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। उनके यहां आज 400 मरीज आए, जिनमें से कुछ मरीज भीड़ अधिक होने के कारण दूसरे डॉक्टर के पास भेजे गए ।साफ पानी का करें इस्तेमाल डॉक्टर बताते हैं कि साफ पानी ही इन दिनों की बीमारियों से सबसे बड़ा बचाव है। अगर पानी जरा भी गड़बड़ हुआ तो आपको बीमार कर देगा। इस मौसम में डायरिया गंदे पानी के इस्तेमाल से ही होता है ।गर्मी से डिहाइड्रेशन व बुखार के लक्षण – तेज सिरदर्द होना। – त्वचा सूखी होना। – ज्यादा देर तक पेशाब न आना। – पेशाब पीले रंग का आना, चक्कर आना, घबराहट महसूस होना। – मुंह सूखना, सुस्ती और थकान होना। – कमजोरी महसूस होना। – ऐसे करें बचाव – धूप से बचाव के लिए सिर पर टोपी या कपड़ा रखें। – पानी और तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करें। – मौसमी फल तरबूज, खरबूजा, ककड़ी आदि का सेवन करें। काम करते समय पानी की बोतल साथ रखें। – दही और लस्सी का सेवन करें। – पानी में नमक डालकर पीएं। – डायरिया होने पर बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाएं। – चिकित्सक की सलाह से उपचार कराएं। – इस मौसम में डायरिया, बुखार आदि के मरीज अधिक आ रहे हैं। बारिश न होना इसका बड़ा कारण है। अस्पताल में हर मरीज को उपचार देने का प्रयास किया जा रहा है। – डॉ. अनुपम भास्कर, सीएमएस दीनदयाल चिकित्सालय। – मौसमी बीमारियों वाले मरीजों की संख्या अधिक है। ओपीडी में सुबह से भीड़ लगने लगती है। हर मरीज को बेहतर उपचार देने का प्रयास किया जा रहा है। – डॉ.ईश्वर देवी बत्रा, सीएमएस, जिला अस्पताल सुबह से लगे थे लाइन में क्वार्सी के श्रीनगर की पिंकी देवी गर्मी में सांस फूलने से पीड़ित हैं। वह सुबह दीनदयाल चिकित्सालय में उपचार के लिए पहुंच गईं मगर दोपहर में नंबर आ सका। इसी तरह अतरौली के किशन को एलर्जी की शिकायत थी। उसका भी सुबह से लाइन में लगने पर दोपहर में नंबर आ सका।

# भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक सम्पन्न

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के क्रियान्वयन की योजना को लेकर आज प्रदेश कांग्रेस समितियों (पीसीसीज) और फ्रंटल संगठनों के सभी अध्यक्षों ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उदयपुर के नव संकल्प चिंतन शिविर के दौरान यह घोषणा की गई थी कि भारत जोड़ो यात्रा 2 अक्टूबर 2022 को शुरू होगी। तथापि, मोदी सरकार तथा भाजपा द्वारा हमारे लोकतंत्र, हमारे देश के संविधान, राष्ट्र की संस्थाओं और हमारे समाज के सामाजिक ताने–बाने पर बार–बार और उग्र रुप से हो रहे हमलों को समक्ष रखते हुए, कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा को निर्धारित तिथि से पहले शुरू करने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। यदि ऐसा होता है, तो जैसे ही प्रदेश कांग्रेस समितियाँ अपनी तैयारियों के संबंध में प्रत्युत्तर देंगी, वैसे ही यात्रा को आरंभ करने की तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा लगभग 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से होते हुए करीबन 3500 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह सारी दूरी पदयात्रा के रुप में तय की जाएगी। इस पदयात्रा में कांग्रेस पार्टी का पूरा नेतृत्व और कार्यकर्ता भाग लेंगे। देश के कोने–कोने से कई अन्य यात्राएं इस पदयात्रा में शामिल होंगी। यात्रा के मार्ग का विशिष्ट विवरण की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उन सभी को कोटिशः श्रद्धांजलि अर्पित करती है, जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, और जिन्होंने फूट डालो और राज करो की राजनीति को पराजित किया, विभाजन के गहरे घावों पर मरहम लगाया तथा जो देश को इसका महान संविधान देने के लिए एक साथ आए और भारत को प्रगति, समृद्धि और सद्भाव के पथ पर आगे बढ़ाया। आज, जबकि नफरत की राजनीति का अनुपालन उन लोगों के द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने कभी भी देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग नहीं लिया और जिनकी विचारधारा के परिणाम स्वरुप राष्ट्रपिता की हत्या हुई, इन परिस्थितियों में भारत जोड़ो यात्रा उन सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने का एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है – जो महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमारे देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अंतर्निहित मूल्यों की रक्षा, संरक्षण और संवर्धन के प्रति प्रतिबद्ध है। जो नफरत, कट्टरवाद और ध्रुवीकरण की राजनीति से लड़ने के प्रति समर्पित है। जो ये मानते हैं कि सरकार का ध्यान विभाजनकारी राजनीति की अपेक्षा करोड़ों युवाओं को उत्पादक रोजगार प्रदान करने, हमारे करोड़ों परिवारों को आवश्यक वस्तुओं में हो रही असहनीय मूल्य वृद्धि से निजात दिलाने, किसान और खेत मजदूर का कल्याण और सुख–सुविधा सुनिश्चित करने तथा करोड़ों आदिवासियों, दलितों एवं समाज के अन्य कमजोर वर्गों की आजीविका और सम्मान की रक्षा के लिए हमारे जल जंगल और जमीन की रक्षा करना होना चाहिए। जो सभी विपरीत परिस्थितियों के समक्ष देश के संविधान की मर्यादा को बनाए रखने के प्रति दृढ़ संकल्प हैं और जाति, वर्ग, आस्था, लिंग या भाषा की भावना से ऊपर उठकर सभी के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित करने में विश्वास रखते हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों, नागरिक समाज समूहों, व्यापारिक और व्यावसायिक संघों और उपरोक्त उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध सभी भारतीयों से अपील करती है कि वे सब एकजुट होकर इस भारत जोड़ो यात्रा में उत्साहपूर्वक शामिल हों।

# राम नगरी अयोध्या में जिला प्रशासन का गरजा बुलडोजर : व्यापारियों में दिखा आक्रोश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूत्र के मुताबिक सांसद लल्लू सिंह से व्यापारियों को मिले आश्वासन के बावजूद दूसरे दिन गुरुवार को राम नगरी अयोध्या में मार्ग चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन का बुलडोजर अयोध्या में पहुंच गया। जिसके चलते टीम की अचानक कार्रवाई को देख व्यापारियों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने सबसे पहले बड़ा स्थान तिराहे पर स्थित संस्कृत महाविद्यालय व खाली दुकानों को गिराना शुरू किया। जिसके चलते यहां के निवासियों ने अपनी फरियाद अफसरों से कहा परंतु सुनवाई भी नहीं हुई। व्यापारियों की कुछ शिकायतों के बाद अफसरों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि अभी कोई भी दुकानें नहीं तोड़ी जाएंगी। साथ ही पुराने वादे के तहत व्यापारियों के साथ एक समन्वय बैठक भी की जाएगी।दोपहर एक बजे के करीब एडीएम प्रशासन अमित सिंह, तहसीलदार राजकुमार पांडे दल–बल के साथ अयोध्या पहुंचे।कुछ ही समय में आसपास के सैकड़ों व्यापारी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान सभी ने व्यापारी नेता प्रतिनिधि नन्द कुमार गुप्ता को मौके पर बुलाया गया। उसके बाद व्यापारियों ने अफसरों से बगैर नोटिस दिये सभी दुकानदारों के खिलाफ मुनादी कराये जाने शिकायत की। उपरोक्त योजना में डीपीआर के विपरीत कार्ययोजना को आगे बढ़ाये जाने का व्यापारियों ने विरोध किया।नाराज व्यापारियों ने मकान मालिक के मनमानी की बात बताई और आरोप लगाया कि प्रशासन मकान मालिकों से मिलकर व्यापारियों का काफी नुकसान करवा रहा है। साथ ही कानूनी प्रक्रिया को जब अफसरों को बताया तो वे भी डाउन पड़ गए । इसके बाद जिला प्रशासन ने व्यापारियों के साथ शुक्रवार की शाम को 4 बजे राजद्वार पार्क में समन्वय बैठक करने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही अभी कोई दुकान ना तोड़ने का भी आश्वासन दिया है। एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने बताया कि श्रृंगार हाट से राम जन्मभूमि तक




मार्केट चौड़ा किया जाना है। लगभग 14 मीटर का मार्ग होगा। इसमें दो तरीके के लोग हैं जो प्रभावित हैं एक वह जिनकी जमीनें हैं दूसरे जो दुकानदार है जिनका व्यवस्थापन पुनर्वास होना है। उनके मुताबिक 350 दुकानदारों में से 190 व्यापारियों के खाते में पैसा भेजा जा चुका है। यहां 3 दुकानदार हैं एक दुकानदार वह हैं जिनके पास दुकान के पीछे जगह बची है उनको निर्देशित किया गया है कि पहले वह पीछे अपनी दुकानें बना लें, ताकि आगे से उनकी दुकानें हटाई जा सके।दूसरे वह दुकानदार है जिनके दुकान के पीछे जगह नहीं बच रही है, लेकिन उनके पीछे हनुमानगढ़ी की जमीन खाली पड़ी है उसमें संतो से यह निवेदन किया गया है कि अपनी शर्तों पर दुकानदारों को पीछे जमीन दे दें। तीसरे वह दुकानदार हैं जो पूर्ण रूप से विस्थापित हो रहे हैं उन्हें विकास प्राधिकरण के अंदर बनाई जा रही मार्केट में दुकानें आवंटित की जाएंगी।एडीएम प्रशासन ने कहा कि पहले बताएंगे, फिर हटाएंगे इसके तहत कार्य किया जा रहा है। अभी केवल उन दुकानों को हटाने के लिए तैयारी की जा रही है जिनके दुकानों के पीछे जगह बची है और उनके खातों में पैसा भेजा जा चुका है वह अपना निर्माण तेजी से करें ताकि हम उस जगह की रोड को चौड़ा कर सकें।जो दुकानें तोड़ी गई है वह पूर्ण रूप से खाली थीं हमने दुकानदारों को यह भरोसा दिलाया है कि हम जबरदस्ती विध्वंस नहीं करेंगे। बीते दिनों मुनादी के लेकर व्यवसायियों के भ्रम पर बोलते हुए कहा कि जो मुनादी कराई गई थी वह उन लोगों की कराई गई थी जिनके दुकान के पीछे दुकान है और जिनके खातों में पैसा भेजा जा चुका है।

## 25वीं पीएसी पूर्वी जोन अंतर वाहिनी तैराकी एवं क्रासकंट्री प्रतियोगिता 2022 का मुख्य अतिथि कंपनी कमांडेंट डाक्टर मिश्र (आईपीएस) ने किया शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को 34 वी बटालियन पीएसी वाराणसी पीआरओ मीडिया सेल के मुताबिक 25वी अंतर वाहिनी तैराकी एवं क्रॉस कंट्री (महिलाध् पुरुष) प्रतियोगिता–2022 का शुभारंभ मुख्य अतिथि तथा आयोजन सचिव 'डाव राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस, सेनानायक, 34वीं वाहिनी पीएसी' द्वारा बीएचयू,तरणताल वाराणसी में किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पीएसी पूर्वी जोन की सभी 10 वाहिनियों से (4वीं वाहिनी, 12वीं, 20वी, 33वी, 34वी, 36वी, 37वी, 39वी, 42वी तथा 48वीं वाहिनी) से कुल 235 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आये कम्पनी कमांडेंट डाक्टर मिश्र ने पीएसी अंतर वाहिनी के विभिन्न टीम मैनेजर्सश से परिचय प्राप्त किया। वही इस मौके पर समस्त टीमों को ग्राउण्ड से श्मार्च पास्टश की कार्यवाही बैण्ड की मधुर धुन पर सभी टीमों द्वारा उत्कृष्ट श्टर्नआउटश के साथ संपन्न हुई। इस मौके पर टीमों के श्मार्च पास्टश द्वारा दिये गये अभिवादन को मुख्य अतिथि कंपनी कमांडेंट डाक्टर श्री मिश्र द्वारा सलामी मंच से स्वीकार किया गया।प्रतिभागियों के इस अच्छे प्रदर्शन का



दर्शकों द्वारा ताली बजाकर स्वागत किया गया। वही मुख्य अतिथि डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा सलामी मंच से इस प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की गयी। इस कार्यक्रम के दौरान नरेश सिंह यादव, सैन्य सहायक देवपाल, शिविरपाल, रणजीत तिवारी सूबेदार मेजर व वाहिनी के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण एवम् बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व आमंत्रित अतिथिगण उपस्थित रहे।

# पायलिंग के लिए खोदे गए दस फीट गहरे गड्ढ़े में गिरा सात साल का मासूम : मचा हड़कंप

प्रयागराज ब्यूरो : थाना क्षेत्र के बजहां गांव में बृहस्पतिवार की शाम सात साल का मासूम पायलिंग के लिए खोदे गए दस फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। इससे गांव की बस्ती में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने तकरीबन दो घंटे की भारी मशक्कत के बाद मासूम को गहरे गड्ढे से सकुशल बाहर निकाला। बाद में मासूम को पास के अस्पताल ले जाया गया। कुछ देर बाद उसे डिस्चार्ज करा दिया गया। सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई थी। थाना क्षेत्र के बजहां गांव निवासी गंगाराम यादव ने अपने जमीन पर बाउंड्री कराने के लिए पीलर बनवाने को तकरीबन दस फीट गहरा गड्ढा कराया था। बाउंड्री का निर्माण कार्य बृहस्पतिवार को भी दिनभर चला था। इसी बीच बृहस्पतिवार की शाम तकरीबन साढ़े सात बजे गांव निवासी नंद किशोर शर्मा का सात साल का मासूम शिवानंद वहां खेलते हुए पहुंच गया। पुलिस के मुताबिक मासूम शिवानंद मंद बुद्धि का है। मौके पर पहुंचते ही शिवानंद पायलिंग के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में गिर गया। इससे गांव की बस्ती में हड़कंप मच गया। वहां खेल रहे अन्य बच्चों ने घटना की जानकारी शिवानंद के परिजनों को दी तो मौके पर पहुंचे। इसी बीच मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण भी जुट गए। इसके बाद ग्रामीणों ने बच्चे को सकुशल निकालने के लिए कवायद शुरु की। ग्रामीणों ने फावड़े से मौके पर जगह बनाई।



इसके बाद गांव के एक युवक ने किसी तरीके से गहरे गड्ढे में गिरे मासूम शिवानंद का हाथ पकड़कर उसे सकुशल बाहर निकाला। इस दौरान तकरीबन दो घंटे तक बच्चे की जान सांसत में फंसी रही। वह लगातार गहरे गड्ढे के भीतर से चीख रहा था। गहरे गड्ढे से निकालने के बाद आनन–फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के कुछ देर बाद मासूम को डिस्चार्ज कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर इलाकाई पुलिस भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गई थी। मौके पर ग्रामीण भी भारी संख्या में जुटे रहे।

# अयोध्या रेंज अयोध्या के सुल्तानपुर में कुड़वार थाने के चौकीदार को मारी गोली : सीओ सिटी के मुताबिक पुलिस मामले में जुटी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या रेंज अयोध्या के सुल्तानपुर के कुड़वार में आज उस समय हड़कंप मच गया जब थाने के चौकीदार को दबंगों ने गोली मार दिया और मौके से फरार हो गए। सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है घटना तब हुई जब पीड़ित बच्चे को स्कूल छोड़कर लौट रहा था। गोली चौकीदार के के पैर में लगी है जिसे स्थानीय लोगो ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस संबंध में सीओ सिटी डॉ. राघवेंद्र चतुर्वेदी ने बताया की पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कुड़वार थाना अंतर्गत इसरोली गांव की है।गांव निवासी राम सुंदर रोज की तरह आज ड्यूटी से लौटा था और बेटे को स्कूल पहुंचाने गया था। वहां से घर लौट रहा था आरोप है कि रास्ते में चंद्रभान, दयाराम, नरेंद्र मौर्य ने तमंचे से फायर किया। पीड़ित ने बताया कि पहली बार गोली लगी नहीं तो दुबारा नरेंद्र ने फायर किया तो गोली पैर में लगी। इसके बाद चार पांच लोगो ने डंडे आदि से मारा। गुहार




लगाने पर गांव वाले जमा हुए तो हमलावर भाग गए। पुलिस हमें सीएचसी लाई वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं राम सुंदर ने बताया कि यह सभी रंगदारी मांग रहे थे। इनसे हमारी चुनावी रंजिश चली आ रही है। 2017 में हमारी भाभी संगीता देवी प्रधान थी तब से यह लोग हमसे रंजिश रख रहे हैं। यह चौथी बार हम पर हमला हुआ है। इससे पहले 9 जुलाई को मेरे भाई गया प्रसाद पर इन लोगो ने हमला किया जिसकी थाने पर कंप्लेन किया लेकिन मुकदमा नहीं लिखा गया। जबकि इस मामले में सीओ सिटी राघवेंद्र प्रसाद ने बताया कि राम सुंदर कनौजिया, गया प्रसाद कनौजिया यह तीन–चार भाई हैं।इनका विवाद चला आ रहा है। इस पर मुकदमा दर्ज हुआ।इसी को लेकर इनके द्वारा कहा जा रहा है कि मुझे मारा गया। इसकी जांच की जा रही है।

# गुरु पूर्णिमा पर बच्चों के झगड़े में अभिभावक ने शिक्षक को पीटा : बीईओ ने शुरू की जांच

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय आस्तीकन में दो बच्चों के विवाद में स्कूल बुलाए गए एक अभिभावक ने शिक्षक को पीट दिया। घटना बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर तब हुई जब दोनों बच्चों के अभिभावक प्रधानाध्यापक के बुलावे पर स्कूल आए थे। इस घटना को लेकर स्कूल में भय का माहौल बताया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। जांच की जा रही है। वहीं पीड़ित अनुदेशक शिक्षक ने थाने में भी तहरीर दी है। वही इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक स्कूल के दो बच्चों में मारपीट को लेकर प्रधानाध्यापक ने दोनों बच्चों के अभिभावकों को स्कूल में बुलवाया था। इसी दौरान एक अभिभावक ने अनुदेशक बद्री विशाल अग्रहरी की पिटाई कर दी। हालांकि घटना के पीछे मुख्य कारण अभिभावक द्वारा बच्चे के मोबाइल से एक अन्य अध्यापक का वीडियो बनवाना बताया जा रहा है। आरोप है कि एक शिक्षक पढ़ाते समय छात्राओं से उचित व्यवहार नहीं करते। इस संबंध में बताया जाता है कि संबंधित शिक्षक के कथित आचरण को लेकर बच्चे द्वारा एक वीडियो बनवाई गई। अभिभावक को संदेह था कि वीडियो अनुदेशक ने ही उसके बच्चे से बनवाई है। इसी को लेकर अभिभावक पहले से खार खाए था। बुधवार



को प्रधानाध्यापक से बातचीत के बाद अभिभावक चला गया, लेकिन कुछ देर बाद कुछ लोगों के साथ लौटा और अनुदेशक को पीट दिया। प्रधानाध्यापक तुलसीराम ने मारपीट की घटना से इंकार किया है। उन्होंने धक्का मुक्की की बात स्वीकारी है। पुलिस ने अभी तक कोई लिखित तहरीर न मिलने की बात कही है। प्रकाश में आया है कि आरोपी अभिभावक उम्र कैद की सजा काटकर अभी जल्दी में ही जेल से छूट कर आया है। हालांकि दोनों पक्षों में दोनों पक्षों में गुरुवार को सुलह हो जाने की बात सामने आ रही।

# पाठा इलाके में भीषण जल संकट : करीब एक किलोमीटर से लाना पड़ता है पीने का पानी

प्रयागराज ब्यूरो : पाठा क्षेत्र के लोगों के दर्द के आगे तमाम कोशिशें और दावे बेमानी साबित हो रहे हैं। पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे शंकरगढ़. लालापुर की कई बस्तियों के लोगों की पीड़ा को इससे ही समझा जा सकता है कि सावन में भी महिलाओं को पेयजल के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। जरूरत भर पानी के इंतजाम में ही उनका पूरा दिन गुजर जाता है। परिवार का एक सदस्य मजदूरी के लिए भी नहीं जा पाता। इस वजह से उनके परिवार के भरण पोषण का भी संकट खड़ा हो गया है। शंकरगढ़ के बिहारिया का पुरवा के लोगों को पानी के लिए करीब पौन किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। बिहारिया तथा आसपास के क्षेत्रों में सिर एवं कमर पर घड़ा लेकर कतार में जाती महिलाओं एवं बच्चों को अक्सर देखा जा सकता है। बिहारिया की अनारकली, बसहरा तरहार मजरा घुरमुटी पहाड़ पाल बस्ती की रमना देवी कहती हैं, वर्षों से परेशानी है, अब तक पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी। पेयजल संकट बयां करते समय घुरमुटी पाल बस्ती की गुड्डी देवी एवं सुमित्रा देवी की तो आंखें नम हो गईं। आधा किमी से अधिक दूर बस्ती में ट्यूबवेल है, जहां से पानी लाना पड़ता है। बोलीं, 'हियां तक कि बहुरियन का भी जाय पड़त बा। पानी की खातिर सब कुछ छूट गयल हौ।' क्षेत्र के घुरमुटी पहाड़ पाल बस्ती, जनवा, छिपिया, कोटा, हिनौती पांडे, गढ़वा, लखनपुर, लेदर, लालापुर के सोनौर अनुसूचित आदिवासी बस्ती सहित कई बस्तियों के लोगों का यही दर्द है। शादी का भी संकट मजरा घुरमुटी पहाड़ पाल बस्ती के लोगों के सामने तो नया संकट खड़ा हो गया है। लोग गांव में बेटियों की शादी करने के लिए तैयार नहीं हैं। 80 वर्षीय गजनी देवी कहती हैं, कोई आ भी जाए तो पानी का संकट जानकर दोबारा नहीं आता। बस्ती में 300 से अधिक लोग रहते हैं जबकि, सिर्फ एक हैंडपंप है। यह भी अक्सर खराब रहता है। इसकी वजह से आधा किमी से अधिक दूर स्थित कुएं से पानी लाना पड़ता है। गाढ़ा कटरा के राजेश, रामनाथ, सूरजपाल बोले, गांव में छह हैंडपंप हैं लेकिन दो ही चालू हैं। ऐसी स्थिति में पानी के लिए हैंडपंप पर महिलाओं एवं बच्चों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। अक्सर पानी को लेकर विवाद भी होता है। काम पर नहीं जा



पा रहीं महिलाएं शंकरगढ़ एवं लालापुर की बस्तियों में रहने वाले ज्यादातर परिवार के महिला एवं पुरुष दोनों मजदूरी करके गुजर–बसर करते हैं लेकिन महिलाओं का पूरा दिन पानी इकट्ठा करने में ही निकल जा रहा है। पानी की परेशानी सुनाते हुए कड़वारी बस्ती की बिजली आदिवासी की आंखें भर आईं। बोलीं, पानी की वजह से दो वक्त की रोटी का इंतजाम करना भी मुश्किल हो गया है। पानी लिफ्ट कराकर दूर की जा सकती है दिक्कत पंडुवा पंप कैनाल के जरिये नहरों में पानी लिफ्ट कराकर सिंचाई की जाती है। इसी तरह यदि पेयजल के लिए भी पानी लिफ्ट कराया जाए तो समस्या दूर हो सकती है। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों के प्रदर्शन पर तत्कालीन जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने इसके लिए प्रस्ताव भी भेजा था। जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने बताया कि यमुनापार का बारा इलाका पूरी तरह से पहाड़ और ऊसर प्रभावित है। यहां बोरिंग सफल नहीं हो पा रही है। ऐसे में पानी लिफ्ट करके ही यह समस्या दूर की जा सकती है। वर्षों बीत जाने के बाद भी बस्ती में पानी का कोई इंतजाम नहीं हो सका है। जन प्रतिनिधियों से लेकर शासन प्रशासन तक गुहार लगाई गई। किंतु समस्या का समाधान नहीं कराया जा सका। पानी के संकट से लोगो की दिनचर्या बदल गई है। – राजकरन, बसहरा तरहार घुरमुटी पाल बस्ती बस्ती में पानी का इंतजाम नहीं होने से सुबह से दोपहर तक दूर से पानी ढोने के लिए मजबूर हैं। पानी के फेर में अन्य कार्य छूट जा रहे हैं। शादियों पर भी इसका असर पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी समस्या दूर नहीं हो रही है। – चौरासी देवी, घुरमुटी पाल बस्ती जनप्रतिनिधियों तथा शासन की अनदेखी से बस्ती के लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। सुबह से ही महिलाएं तथा बच्चे पानी की तलाश में निकल जाते हैं। इससे जहां बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं महिलाओं का पूरा दिन पानी ढोने में बीत जा रहा है। इस वजह से मजदूरी भी नहीं कर पा रहे हैं। ––भगवान दीन, हड़ही 'जारी में पेयजल संकट के समाधान के लिए कदम उठाए गए हैं। शंकरगढ़ में भी कहां–कहां समस्या है, उसे दिखाया जाएगा। जल्द ही पानी का इंतजाम किया जाएगा। स्थायी समाधान के लिए भी कदम उठाए जाएंगे।' – संजय कुमार खत्री, डीएम।

# जिला न्यायालय के दो कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर समारोह पूर्वक दी गई विदाई

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) गत दिनों फैजाबाद जिला न्यायालय में कार्यरत वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक श्याम सरन श्रीवास्तव एवं सुरेश चंद्र निगम के सेवानिवृत्ति पर स्टोनोग्राफर्स संघ जिला न्यायालय फैजाबाद की ओर से शहर के एक प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।प्रादेशिक संघ के कार्यकारिणी



सदस्य एवं जिला जज फैजाबाद के वैयक्तिक सहायक विनीत ओझा एवं विकास वर्मा के निर्देशन में आयोजित उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के पूर्व सेवानिवृत सदस्य एवं संरक्षक राम विलास मिश्र द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन धीरज श्रीवास्तव एवं विवेकानंद तिवारी, वैयक्तिक सहायकगण ने किया।संघ के वरिष्ठ सदस्य एवं पारिवारिक न्यायालय फैजाबाद के वैयक्तिक सहायक सुभाष पाठक ने सर्वप्रथम सेवानिवृत्त कर्मियों का संघ की तरफ से माल्यार्पण एवं भेंट प्रदान कर उनका अभिवादन एवं उनको सम्मानित किया। इसके बाद सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए।इस कार्यक्रम में जिला न्यायालय में कार्यरत वैयक्तिक सहायक एवम स्टेनोग्राफर शैलेन्द्र श्रीवास्तव, उमा शंकर श्रीवास्तव, डीके श्रीवास्तव, प्रेमशंकर श्रीवास्तव, महेंद्र पांडे, शत्रुघ्न, रमेश मिश्रा, रविन्द्र मिश्र, सुनील तिवारी, अजय पांडेय, अमित पटेल, सुश्री साक्षी पांडे, सुश्री दिव्या भारती, सुश्री प्रियंका यादव, दुष्यंत कुमार एवं संतोष कुमार शामिल रहे।

# एम्बुलेंस सेवाओं के बेहतर संचालन हेतु दिया गया प्रशिक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 108 एवं 102 सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए सेवा प्रदाता संस्था जीवीके ईएमआरआई द्वारा कर्मचारियों व अधिकारियों को गुरूवार को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अयोध्ध्या मंडल, देवीपाटन मंडल, लखनऊ मंडल सहित 11 जिलों के रीजनल मैनेजर, प्रोग्राम मैनेजर, इमरजेंसी मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव (ईएमई) को बेहतर मैनेजमेंट, रिस्पांस टाइम कम करने व मरीजों को गुणवत्ता युक्ध्त सेवाएं उपलब्ध्ध कराने के लिए डॉ. दाउद हुसामी, डॉ. शिवा, मुफीदुर्रहमान व अन्ध्य विशेषज्ञों की टीम ने प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण के दौरान मुख्ध्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने कहा कि 108 एवं 102 एम्ध्बुलेंस सेवाएं लोगों की जान बचाने का काम कर रही हैं। दुर्घटना और बीमारी के समय कर्मचारी बहुत मेहनत और इमानदारी के साथ लोगों को सेवाएं दे रहे हैं। उन्ध्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में मरीज को जल्ध्दी से जल्ध्दी अस्पताल पहुंचाकर अधिक लोगों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए रिस्पांस टाइम के अंदर सेवा उपलब्ध कराने एवं लोगों को क्वालिटी सर्विस मिले इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से लोगों को निःशुल्क एम्ध्बुलेंस सेवाएं उपलब्ध्ध करा रही हैं। उन्ध्होंने कहा कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को निरूशुल्ध्क एम्ध्बुलेंस सेवा समय पर मिले इस पर विशेष ध्ध्यान दिया जाना चाहिए। डिप्ध्टी मेयर बृजेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही 108 एवं 102 सेवाएं लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही हैं। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए।मरीज के लिए एक एक मिनट महत्ध्वपूर्ण इस मौके पर डॉ. दाउद हुसामी ने गोल्ध्डन आवर में मरीजों को रिस्ध्पांस टाइम के अंदर सेवा उपलब्ध कराने व क्ध्वालिटी सर्विस देने पर जोर दिया। उन्ध्होंने बताया कि इमरजेंसी केस में मरीज के लिए एक– एक मिनट महत्ध्वपूर्ण है। इसलिए इमरजेंसी की स्थिति में एम्बुलेंस का टाइम पर पहुंचना जरूरी है। इसके साथ ही मौके पर मरीज को फर्स्ध्ट एड देना तथा एम्ध्बुलेंस में कॉल सेंटर में मौजूद डॉक्टर की मदद से उचित देखभाल करते हुए अस्पताल पहुंचाना है। इस प्रकार हम अधिक से अधिक लोगों की जान बचाने में कामयाब हो सकते हें। इस ट्रेनिंग में हैदराबाद से आए विशेषज्ञ मुफीदुर्रहमान व डॉ. शिवा व उनकी टीम ने एम्ध्बुलेंस में मौजूद मेडिकल उपकरणों व उनके उपयोग के बारे में विस्ध्तार से जानकारी दी। साथ ही मरीजों को कैसे कम से कम समय पर एम्ध्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जा सकती है इसके बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर आपरेशन हेड विकासमणि त्रिपाठी ने कहा कि हमें जरूरतमंद लोगों को कम से कम समय में अस्पताल पहुंचाना है। हम लोगों की जान बचाने के लिए काम कर रहे हैं इसलिए सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अपना बेहतर योगदान दें। इस मौके पर सेवा प्रदाता संस्ध्था के ऑपरेशन हेड विकास मणि त्रिपाठी, रीजनल मैनेजर अजय सिंह, विवेक मिश्रा, सत्यभान त्रिवेदी के सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।